इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 23 मई 2024
वर्ष 16 अंक 256 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

अपने को संकट में डाल कर कार्य सम्पन्न करने वालों की विजय होती है, कायरों की नहीं।
- जवाहरलाल नेहरू

तापमान - अधिकतम 39.3°C (-0.9) न्यूनतम 29.4°C(+3.9) सेंसेक्स 74,221.06 (+267.75) निफ्टी 22,597.80 (+068.75) सोना 74,660 चांदी 95,800 मुद्रा - डालर 83.25 दिरहम 22.67 रियाल 22.20

एरा यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ (सं)। एरा यूनिवर्सिटी में बुधवार को मिनी ऑडिटोरियम में छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन पर एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एरा यूनिवर्सिटी के भारत में उच्च शिक्षा परिवर्तन में अकादमिक सुधारों के लिए छात्र राजदूत (सारथी) अक्सा निहाल, सिदरा रजा और ख्वाजा तालिब हसन के भाषण के साथ हुई। एरा यूनिवर्सिटी में एनईपी समन्वयक डॉ. शीबा रिजवी ने छात्रों व फैकल्टी मेम्बर को नई शिक्षा नीति की मुख्य विशेषताओं से परिचित कराया। उन्होंने बहु-विषयक, कौशल-आधारित, समस्या-समाधान और इंटरैक्टिव शिक्षण विधियों के महत्व पर चर्चा की।

इसके बाद सारथी अक्सा निहाल, सिदरा रजा और ख्वाजा तालिब हसन ने एनईपी सारथी कार्यक्रम पर प्रस्तुति दी। एरा यूनिवर्सिटी की सहायक रजिस्ट्रार डॉ. गजाला जैदी ने एनईपी का संक्षिप्त परिचय दिया। सारथी ने एनईपी के बारे में और अधिक जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से एरा यूनिवर्सिटी में होने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी सभी को अपडेट किया। कार्यक्रम में एरा यूनिवर्सिटी में आईक्यूएसी के निदेशक कर्नल डॉ. वासुनकर के साथ-साथ विभिन्न विभागों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों सहित 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सभी उपस्थित लोगों को आगामी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजकों की ओर से फैकल्टी ऑफ लिबरल एजुकेशन की हर्षिका वर्मा ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।